एक नजर में

## अखंड परम धाम में ध्यान साधना शिविर 21 से



इंदौर. श्रीराम जन्मभूमि न्यास अयोध्या के सदस्य महामंडलेश्वर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के सानिध्य में ध्यान-साधना शिविर का 29 वां दिव्य आयोजन इस बार गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में खंडवा रोड स्थित अखंड परमधाम आश्रम के सत्संग सभागृह में 21 जुलाई से प्रारंभ होगा. अखंड परमधाम सेवा समिति के अध्यक्ष किशनलाल पाहवा, श्यामलाल मक्कड़, विजय शादीजा एवं रामबाबू अग्रवाल ने बताया कि गुरुदेव 20 जुलाई की शाम को इंदौर पधारेंगे. उनके सानिध्य में ध्यान-साधना शिविर का आयोजन 21 जुलाई से प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक और संध्या 7 से 9 बजे तक खंडवा रोड आश्रम के सभागृह में होगा। शिविर संयोजक राजेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर की तैयारियों पर चर्चा एवं विचार- विमर्श के लिए, 5 जुलाई को शाम 7 बजे से खंडवा रोड आश्रम पर आयोजन समिति की बैठक रखी गई है. स्वामी परमानंद गिरि के साथ हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरि भी आएंगे. आश्रम की संयोजक साध्वी चैतन्य सिंधु ने बताया कि आश्रम स्थित परमानंद गो धाम गोशाला के विकास कार्य का भूमि पूजन 25 जुलाई को सुबह 9 बजे स्वामी परमानंद गिरि के सानिध्य में होगा.

## धरावरा धाम पर पूरे माह अखंड रामायण पाठ चलेगा

इंदौर. धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। आश्रम के महंत स्वामी शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के महापर्व पर आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी घनश्याम दास महाराज की चरण पादुकाओं का पूजन सुबह 10 .30 बजे से प्रारंभ होगा. आश्रम प्रबंधन समिति एवं भक्त मंडल की ओर से डॉ. सुरेश चौपड़ा, सुधीर अग्रवाल एवं सीताराम नरेड़ी ने बताया कि 10 जुलाई को दोपहर 1 बजे से ही अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ भी होगा, जो पूरे माह 10 अगस्त तक चलेगा. महोत्सव की तैयारी के लिए स्वामी शुकदेव दास के सानिध्य में समिति का गठन किया गया है, जिसमें गोविंद मंगल, दिनेश गर्ग, गोपाल गोयल, नानूराम चौधरी एवं ललित अग्रवाल सहित 11 श्रद्धालु शामिल किए गए हैं.

## सिंधी समाज की टीमों का क्रिकेट मैच 6 को

इंदौर. शहर की चार सिंधी पंचायतों के बीच 6 जुलाई को चाणक्यपुरी चौराहा, देवेंद्र नगर स्थित विंग टर्फ विकेट पर एक दिवसीय रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा, जिसमें हर आयु वर्ग के खिलाड़ी गेंद और बल्ले पर अपने हाथ आजमाएंगे. पूज्य सक्खर सिंधी पंचायत की मेजबानी में आयोजित बैठक में अध्यक्ष नामदेव कुकरेजा, सचिव हरीश भाटिया, विष्णु कटारिया की मौजूदगी में सक्खर, जेकबाबाद साहिती, लाड़काना सहित चार पंचायतों के बीच क्रिकेट का महामुकाबला आयोजित करने का निर्णय लिया गया है. समाज के इतिहास में पहली बार यह टूर्नामेंट रविवार, 6 जुलाई को होगा. शहर में 16 सिंधी पंचायतें हैं, इनमें से अभी 4 टीमों को लिया गया है. इन टीमों में हरीश भाटिया, श्रीचंद शादीजा, धीरज कुंडल, रमेश छाबड़ा, दीपक खत्री, नवीन कुकरेजा, सुनील कुकरेजा, मनीष केसवानी, निखिल कुकरेजा, हेमंत खत्री, दिनेश कटारिया के मार्गदर्शन में विभिन्न समितियां गठित की गई हैं.

## मजदूर चौक पर वाटर कूलर की स्थापना



इंदौर. अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्र मिलन कपल्स ग्रुप ने अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अपने सेवा कार्यों का श्रीगणेश नंदानगर स्थित हनुमान मंदिर, मजदूर चौक पर प्रतिदिन आने वाले श्रमिक भाइयों के लिए वाटर कूलर लगाकर किया. संस्था के अध्यक्ष अरुण-तृप्ति गोयल ने बताया कि समाजसेवी सीतादेवी-जगदीश गोयल बाबाश्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी गणेश गोयल के आथित्य में इस वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया. इस मौके पर ग्रुप के अजय मित्तल, दिलीप अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं सत्यप्रकाश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ प्रशंसा की. मंदिर के पुजारी पं. नीरज शर्मा भी उपस्थित थे. मजदूर चौक पर प्रतिदिन 200 से 300 श्रमिक जमा होते हैं. अब उन्हें वाटर कूलर का शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो रहा है.

## माहेश्वरी महाकुंभ के लिए रजिस्ट्रेशन आज से

इंदौर. अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा द्वारा जनवरी 2026 में आयोजित अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाकुंभ के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य 4 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है. इस महाकुंभ में 65000 से ज्यादा समाजजनों के भाग लेने की संभावना है. महाकुंभ में लगभग 35 देश के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे. यह जानकारी महासभा के सभापति संदीप काबरा तथा महामंत्री अजय काबरा ने आज संपन्न हुई देश भर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की झूम मीटिंग को संबोधित करते हुए दी. सभापति ने कहा कि 9, 10 और 11 जनवरी 2026 माहेश्वरी महासभा के इतिहास में अंकित होने जा रही है. सूर्य नगरी जोधपुर में देश के 65000 से भी अधिक समाजजन एकत्रित होकर सामाजिक एकता का शंखनाद करेंगे. इस महाअधिवेशन में वर्ष 2047 की चुनौतियां एवं संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रोडमेप भी बनाया जाएगा. महासभा के रामस्वरूप मूंदड़ा, प्रादेशिक अध्यक्ष पुष्प माहेश्वरी, कार्य समिति सदस्य मुकेश असावा एवं भरत तोतला ने बताया कि रजिस्ट्रेशन तथा आवास व्यवस्था के निर्धारण का सारा काम ऑनलाइन संपन्न होगा.

## हर्निया सर्जरी की बारीकियों पर वर्कशॉप आज से

इंदौर. हर्निया एसेंशियल्स डिडैक्टिक्स नामक एक उच्च स्तरीय मेडिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन 4 और 5 जुलाई को किया जा रहा है, जो हर्निया रोग के आधुनिक इलाज, सर्जरी और उससे जुड़ी तकनीकों पर केंद्रित होगा. विशेष जुपिटर हॉस्पिटल में होने वाली इस वर्कशॉप में हर्निया रोग के उपचार और सर्जरी से जुड़ी उन्नत तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी. इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. राजेश खुल्लर, डॉ. अमिताभ गोयल, डॉ. सी. पी. कोठारी, डॉ. गणेश शेनॉय, डॉ. कोना लक्ष्मी कुमारी और डॉ. अंकुर माहेश्वरी समेत कई अनुभवी सर्जन हिस्सा लेंगे. वे केस – आधारित सत्रों, लाइव सर्जरी डेमोन्स्ट्रेशन और इंटरएक्टिव चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेंगे. सेशंस में इनगुइनल हर्निया की एनाटॉमी से लेकर ओपन और लैप्रोस्कोपिक तकनीकों की तुलना, जटिल मामलों में निर्णय – निर्माण की प्रक्रिया और नवीनतम तकनीकों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी. दो दिवसीय वर्कशॉप हर्निया एसेंशियल्स डिडैक्टिक्स के कन्वेनर डॉ. अमिताभ गोयल के अनुसार. इस कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप डिज़ाइन किया गया है. यह वर्कशॉप खासतौर पर युवा सर्जनों, पोस्टग्रेजुएट छात्रों और मेडिकल इंटर्न के लिए आयोजित की जा रही है, ताकि वे हर्निया सर्जरी की बुनियादी जानकारी व्यावहारिक रूप से प्राप्त कर सकें. वर्कशॉप में थ्योरी के साथ – साथ वीडियो-आधारित केस स्टडीज और लाइव डेमोन्स्ट्रेशन की भी व्यवस्था की गई है.

## कृष्णपुरा छत्री से 6 जुलाई को दिंडी यात्रा निकलेगी

इंदौर. प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आषाढ़ी एकादशी पर 6 जुलाई की सुबह10 बजे कृष्णपुरा छत्री से दिंडी यात्रा निकलेगी. यह जानकारी देते हुए समग्र मराठी समाज, इंदु की प्रमुख विनीता धर्म ने बताया कि आयोजन का यह 20 वाँ वर्ष है. यात्रा की तैयारिया बीते कई दिनों से चल रही है. समिति के भूपेंद्र पराड कर, शिवानी संजय अड़सपुरकर और पुनीत गुंजाल ने बताया कि दिंडी यात्रा कृष्णपुरा छत्री से शुरू होकर वीर सावरकर मार्केट, महा लक्ष्मी मन्दिर, आडा बाजार, यशवंत रोड होते हुए पंढरीनाथ मन्दिर जायेगी, जहां महाआरती होगी. इस आयोजन में बाबा साहेब प्रदीप तराणेकर, सदगुरु अंण्णा महाराज, श्रीराम कोकजे, महामंडलेश्वर दादू महाराज, विवेक बर्वे गुरुजी, सुनील शास्त्री, अमृतफले महाराज आदि संत -महंत शामिल होंगे. दिंडी यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों की भजन मंडलियां झांझ की ताल पर भजन करते हुए चलेगी.

नवभारत

महू में नवभारत की अखबार प्रति समाचार व विज्ञापन के लिए

सम्पर्क करें :-

ब्रजेश अमोनिया

9131399132



# राजकीय बाल संरक्षण आश्रम के बच्चों को मिलेगी बस सुविधा

**बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए बनेगा नया भवन**

**कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न**

**इंदौर. राजकीय बाल संरक्षण आश्रम इंदौर में निवासरत अनाथ बच्चों के लिए अब स्कूल आने-जाने हेतु विशेष बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. कलेक्टर आशीष सिंह ने इसके लिए नई बस क्रय करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही परदेशीपुरा स्थित समाज कल्याण परिसर में निवासरत बौद्धिक दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों के लिए नया भवन निर्मित किया जायेगा. इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गए हैं.**

**व्यवस्था बेहतर करने निर्देश**

बैठक में जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और समुचित देखभाल की व्यवस्था और भी बेहतर करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हम सबकी जिम्मेदारी है.

कलेक्टर कार्यालय में आज कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे. कलेक्टर आशीष सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि बाल कल्याण एवं संरक्षण से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए. विशेष रूप से 18 वर्ष से कम उम्र के नशाग्रस्त बच्चों के पुनर्वास और नशा मुक्ति की दिशा में विशेष प्रयास किये जाएं. इसके लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद भी ली जायें.

# सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों की मांगों का निराकरण संवेदनशीलता के साथ हो

**संभागायुक्त ने एनवीडीए के अधिकारियों को दिये निर्देश**



**इंदौर.** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों की मांगों को ध्यान से सुने और उनका प्राथमिकता के साथ निराकरण करें. मांगों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी सप्ताह में दो दिन निश्चित कर लें. विस्थापितों की मांगों के प्रति संवेदनशीलता रखें.

संभागायुक्त दीपक सिंह से नर्मदा बचाव आंदोलन का प्रतिनिधि मण्डल सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री मेधा पाटकर के नेतृत्व में आज विजय नगर स्थित नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के आयुक्त कार्यालय पर मिला. यहाँ उन्होंने सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों की मांगों को लेकर चर्चा की. इस मौके पर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अपर संचालक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, संयुक्त संचालक रतना बोचरे, धार, खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर जिले के अनुविभागीय अधिकारी, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के इंजीनियर्स, भू-अर्जन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे. संभागायुक्त ने प्रतिनिधि मण्डल की मांगों को ध्यान से सुना और आश्वस्त किया कि इनका समाधान किया जायेगा. संभागायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों की मांगों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें.

**एनडीआरएफ की टीम को तैयार रखें.**

संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे डूब प्रभावित क्षेत्रों में आपदा की स्थिति में लोगों को बचाव हेतु एनडीआरएफ की टीम को तैयार रखें. साथ ही एनडीआरएफ की टीम आपदा मित्रों और गोताखोरों को बचाव का प्रशिक्षण दें, ताकि आपदा की स्थिति से निपटा जा सकें. नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि मानसून के पूर्व सात घाटों को आरक्षित किया गया है. साथ ही कुम्हारों के लिए 54 हेक्टेयर भूमि आवंटित कर दी गई है. इसके अलावा 178 गाँवों में से 49 गाँवों में मछुआरों के लिए समितियां भी बना दी गई है. शासन द्वारा सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों को कृषि भूमि आवंटित की गई है.

# पालदा से अग्रसेन चौराहे की तरफ शाम 5 से रात 9 बजे तक भारी वाहन प्रतिबंधित

## कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**इंदौर. पालदा तीन ईमली, नेमावर रोड से अग्रसेन चौराहे की तरफ से इंदौर शहर में प्रवेश करने वाले ट्रक/भारी वाहनों के प्रवेश को शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है.**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है. पूर्व में शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों का प्रतिबंधित समय शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक था. बारिश का मौसम होने के कारण शहर में यातायात का दबाव रात्रि 9 बजे तक रहता है.

**प्रतिबंध केवल ट्रक/भार वाहनों के लिये**

प्रतिबंधित समय समाप्त होने के बाद भारी वाहनों के शहर में प्रवेश के दौरान पिक अवर में चौराहे पर यातायात अवरूद्ध होकर जाम जैसी स्थिति निर्मित होती है. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा-115 के तहत आवागमन को सार्वजनिक सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से ट्रक/भारी वाहनों के शहर में प्रवेश को शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है. यह प्रतिबंध केवल ट्रक/भार वाहनों के लिये लागू रहेगा, शेष हल्के वाहन जैसे कार/जीप तथा दोपहिया वाहन यथावत पूर्ववत चालू रहेंगे.

# खुले में कचरा फेंकने पर किया स्पॉट फाइन

- स्वच्छता एवं अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही
- नगर निगम ने दो स्थान पर वसूला 83 हजार का जुर्माना





**इंदौर.** आयुक्त नगर निगम शिवम वर्मा के निर्देशन में शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु लगातार कचरा फैलाने, अतिक्रमण करने तथा पॉलीथिन के अवैध उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर को सेक्टर-डी रेलवे क्रॉसिंग के पास एक ओपन प्लॉट पर फैक्ट्री का भारी मात्रा में कचरा डंप किया हुआ मिला. जांच उपरांत यह कचरा रोशनी पेंट्स नामक फैक्ट्री का पाया गया.

स्थल से एकत्र साक्ष्यों के आधार पर यह सिद्ध हुआ कि उक्त कचरा अनाधिकृत रूप से खुले स्थान पर फेंका गया था, जिससे पर्यावरणीय अस्वच्छता और जनस्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न हो रहा था. मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार फैक्ट्री संचालक रोहित उपाध्याय पर 40 हजार रूपये का स्पॉट फाइन लगाया गया तथा भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने की कड़ी चेतावनी दी गई.

**पॉलीथिन जब्त की**

इसके अतिरिक्त झोन 11, वार्ड 60 के अंतर्गत झंडा चौक क्षेत्र में आज अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर गलियों में कचरा फेंकने, पॉलीथिन के उपयोग एवं अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व रहवासियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करवाई. इस कार्रवाई में एचओ संदीप पटौदी, सेलेश पॉल, अनिल सिरसिया, राजकुमार यादव, दिलीप लोधी, रिमूवल टीम, डिवाइन एनजीओ तथा वार्ड दरोगा अनिल घेंघट की उपस्थिति में गलियों में रखे कुर्सी, टेबल, पॉलीथिन आदि जब्त किए गए एवं मौके पर ही 8 स्पॉट फाइन कर कुल 43 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया.

# धर्म ही जीवन का श्रेष्ठ मंगल करता है : विमला महाराज

## श्री गुजराती स्थानवासी जैन संघ स्नेहलता गजं में विमला महाराज का चातुर्मास मंगल प्रवेश



**इंदौर. गुजराती स्थानवासी जैन संघ स्नेहलता गजं में विमलाजी म.सा. का चातुर्मास भव्यता के साथ मंगल प्रवेश हुआ.**

गोंडल संप्रदाय के शताब्दिक उपाश्रय निर्माण के प्रेरक धीरज मुनि महाराज के आज्ञानुवर्ती रंभाभाई मसा की शिष्या विमलाजी का चातुर्मास प्रवेश पद्माजी व जिज्ञाजी आदि ठाणां-3 के साथ संघ प्रमुख योगेशभाई कोठारी के निवास से नवकारशी बाद संघ के कारोबारी सदस्यों, युवक मंडल, त्रिरत्न महिला मंडल, श्रावक-श्राविकाओं के साथ श्री गुजराती स्थानकवासी जैन संघ के तत्वावधान में युवक मंडल संचालित महावीर सेवाधाम पर हुआ.

इस अवसर पर जलगांव, राजकोट, मुंबई, आकोला, सूरत, कालावड, पूणे व भारत अन्य शहरों से श्रद्धालु उपस्थित रहे. महासती के मंगलाचरण के बाद ऋषभ महिला मंडल ने मधुर स्वर में स्वागत गीत गाया।

मुकेशभाई लाठिया ने महासतीजी का परिचय दिया. विमलाजी मसा ने प्रेरणादायी प्रवचन में कहा कि धर्म ही जीवन का श्रेष्ठ मंगल करता है. पद्माजी ने कहा कि सुगंधमय जीवन बनाने के तेजस्वी विचार प्रकट किये. जिज्ञाजी ने कहा कि भगवान सब देखता है, इसलिये दुनिया की नजरो में नहीं किन्तु भगवान की नजरो में रहो.

**कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की**

संघ अध्यक्ष योगेशभाई कोठारी और विक्रमभाई देसाई ने भी प्रासंगिक विचार प्रस्तुत किए. मंगल प्रवेशोत्सव का अनूठी शैली में संचालन महामंत्री निमेषभाई कोठारी ने किया. संदीपभाई महेता ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. इस अवसर पर प्रदीपभाई गांधी, नैनेशभाई संघवी, हिमांशुभाई बोटादरा, दिलीप कामानी, भरतभाई पंचमीया, कमलेश पंचमीया, आशिष जागानी, युवक मंडल से प्रीतेश कोठारी, नीरज अजमेरा, अनीष संघवी, आशिष देसाई, चिराग तुरखिया, विपुल गांधी, मयंक कोठारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें. वॉरा, गांधी, मेर, बावीसी व शेठ परिवार की ओर से प्रभावना वितरण की गई.

## रोग निवारण, तनावमुक्ति व आनंद की अनुभूति प्रशिक्षण

**इंदौर.** शहर के चिकित्सक डॉ. अनिल सिंघवी ने नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया मुख्यालय, दिल्ली के सभागार में अथॉरिटी के 300 अधिकारियों को केवल आहार से कैसे स्वास्थ्य ठीक रखा जाए इसकी जानकारी दी.

डॉ. सिंघवी ने मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, तथा गठिया रोग को बिना दवाई के कैसे नियंत्रण किया जा सकता है इसकी प्रक्रिया बताई. उल्लेखनीय है कि डॉ. अनिल सिंघवी ने देश-विदेश के सैकड़ों लोगों और चिकित्सकों को भी खान-पान में परिवर्तन कर जानलेवा बिमारियों से मुक्ति दिलाई है. तत्पश्चात डॉ.सिंघवी ने अपनी सम्मोहन प्रक्रिया द्वारा सभी उपस्थित जनों को परम आनंद की अनुभूति मात्र दस मिनट में कराई. इस अवसर पर न्यूयॉर्क की सुरभि पंड्या ने त्वरित तनाव से मुक्त होने का विशेष प्रशिक्षण दिया. कार्यक्रम का नेशनल हाइवे अथॉरिटी के सभी कार्यालयों में सीधा प्रसारण किया गया ताकि इसका लाभ सैकड़ों कर्मचारियों को भी मिल सके. कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा- एनएचएआई के सभी कर्मचारियों-अधिकारियों को राष्ट्र की सड़क निर्माण का बहुत प्रेशर रहता है इसलिए डॉ. अनिल सिंघवी तथा सुरभि द्वारा दिया गया प्रशिक्षण सभी के लिए बहुत लाभकारी है इसका लाभ सभी को आवश्यक रूप से लेना चाहिए.





# महापौर के हस्तक्षेप से स्कीम नंबर 71 की शराब दुकान बंद हुई

**इंदौर.** स्कीम नंबर 71, चंदन नगर के पास हाल ही में खुली शराब की दुकान को आखिरकार बंद कर दिया गया है. यह निर्णय महापौर पुष्यमित्र भार्गव के हस्तक्षेप के बाद लिया गया, जिन्होंने मंगलवार शाम स्वयं रहवासियों के बीच पहुंचकर उन्हें आश्वस्त किया था कि गुरुवार तक दुकान बंद करवा दी जाएगी.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्पष्ट कहा रिहायशी इलाकों में आम जनता की भावनाओं के विरुद्ध कोई भी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी. हम इंदौर को सुरक्षित, संस्कारी और सभ्य शहर बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं. रहवासियों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए महापौर का आभार जताया और प्रशासन के सहयोग को सराहा. संघ ने कहा कि रहवासी संघ, मातृशक्ति और समस्त आंदोलनकारी आपके ऋणी हैं. आप जैसे संवेदनशील, सक्रिय और साहसी महापौर जी के कारण ही सामाजिक परिवर्तन की यह मशाल प्रज्वलित है और निरंतर जलती रहेगी,

माकड्रिल | सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

# सरवटे बस स्टैण्ड पर पुलिस की मॉक ड्रिल



**इंदौर. शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क पुलिस द्वारा सरवटे बस स्टैंड पर मॉक ड्रिल की गई. इस अभ्यास के माध्यम से किसी आपातकालीन परिस्थिति, विशेषकर संदिग्ध लावारिस या विस्फोटक वस्तु मिलने की स्थिति में पुलिस, बीडीडीएस और संबंधित संस्थानों की तुरंत कार्रवाई और तैयारी का आकलन किया.**

मॉक ड्रिल का नेतृत्व सुरक्षा शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त राजकुमार सराफ एवं बीडीडीएस प्रभारी खालिद मुश्ताक ने किया. इस दौरान थाना छोटी ग्वालटोली का स्टाफ तथा बस स्टैंड प्रबंधन के कर्मचारी भी शामिल रहे. ड्रिल के दौरान यह अभ्यास कराया गया कि किसी लावारिस वस्तु की सूचना मिलने पर किस तरह तत्काल इलाके को खाली कराना है, बम निरोधक दस्ते को कैसे बुलाना है, और जनता की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करनी है. आम लोगों और यात्रियों को भी संदिग्ध वस्तु दिखने पर सतर्कता बरतने और पुलिस को तुरंत सूचना देने की सलाह दी गई.

पुलिस अधिकारियों ने बस स्टैंड प्रबंधन से चर्चा कर सुरक्षा संबंधी सुझाव भी दिए और वहां मौजूद नागरिकों को जागरूक रहने की अपील की. यह मॉक ड्रिल आगामी त्योहारों व भीड़भाड़ वाले आयोजनों को ध्यान में रखते हुए की गई.